Title: Need to provide statehood to Uttaranchal, Purvanchal and Bundelkhand and demand to set up State Reorganisation Commission.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : सभापति महोदय, मैं आपकी आज्ञा से एक लोक महत्व का सवाल उठाना चाहता हूं। सरकार ने जनता की मांग के सवाल पर उत्तरांचल , वनांचल को और छत्तीसगढ़ को राज्य का दर्जा देने के बारे में सराहनीय कार्य किया है। लेकिन ऐसी परिस्थिति में देश की जनता में स्थानीय आधार पर अलग-अलग विभाजन की मांग खड़ी हुई है। मैं आपके बीच में तीन-चार बातें रखना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों की पूर्वांचल के सवाल पर जिस तरह से उपेक्षा की गयी है उसको लेकर वहां के लोगों ने ९ अगस्त को गांधी प्रतिमा पर धरना देने का प्रोग्राम बनाया है। बुन्देलखंड के लोग बुन्देलखंड राज्य के लिए आंदोलन चला रहे हैं। मुझे अफसोस है कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने बुन्देलखंड के आंदोलनकारी शंकर मैहरोत्रा को ५ लोगों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत जेल में बंद करने का काम किया है।

13.00 hrs.

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि भारत सरकार राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करने की घोषणा करे जिससे घोर समस्याओं का निदान हो सके। वहां के लोगों के साथ न्याय होना चाहिए। आप उत्तरांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड को राज्य का दर्जा दे।

... (व्यवधान)

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि वह राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करने की घोषणा कर देश की जनता के हित में काम करे। ... (व्यवधान)